Title: Need to provide pay scales and status equal to the thirdclass employees of Central/State Governments for the chowkidars working in Police Stations of Northern provinces.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चॉयल) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार को बताना चाहता हूं कि देश के उत्तर-भारत के प्रदेशों में, जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के पुलिस स्टेशनों पर अनुसूचित जाति/जनजाति, विमुक्ति जाति (पासी) वर्ग के लोग चौकीदार के पदों पर अपनी कर्मठता मेहनत और स्वाभिमानी कौम के कारण सैंकड़ों वर्षों से कार्यरत हैं। जिन्हें शुरु में २० रुपए तथा वर्तमान में १०० रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है, जो वर्तमान समय की बढ़ती हुई महंगाई में बहुत कम है।

... (व्यवधान)

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि सरकार इनको केन्द्र एवं प्रदेश में कार्यरत तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों के बराबर वेतन दे और इनको तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों के बराबर दर्जा मिले जिससे इनका जीवनयापन ठीक से हो सके। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।